आधुनिक इतिहासकार ऐतिहासिक घटनाओं में **कार्य-कारण** संबंध स्थापित करने का प्रयत्न करते हैं, किन्तु प्राचीन इतिहासकार केवल उन घटनाओं का वर्णन करते थे जिनसे जनसाधारण को कुछ शिक्षा मिल सके जैसे- इतिहास का प्रायोजन यह समझाना और बताना था कि **व्यक्तियों का परिवार के प्रति, परिवार का अपने वंश के प्रति, वंशों का गांवों के प्रति, गांवों का जनपद व राष्ट्र के प्रति और अन्ततः समूची मानवता के प्रति क्या कर्तव्य है** और उनमें त्याग एवं बलिदान की भावना कैसे उत्पन्न की जाये।

महाभारत में प्रस्तुत इतिहास की परिभाषा भारतीयों की इतिहास विषयक संकल्पना पर पर्याप्त प्रकाश डालती है, जिसमें उद्धृत करते हुए लिखा गया है कि ऐसी प्राचीन रुचिकर कथा, जिससे **धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष** की शिक्षा मिल सके, 'इतिहास' कहलाती है।

इन पुरुषार्थों को करने की प्रेरणा देने में इतिहास भी एक साधन था, इसलिए प्राचीन भारतीय इतिहासकार उन घटनाओं को कोई महत्व नहीं देते थे, जिसे इन चारों पुरुषार्थों की शिक्षा न मिल सके।

इसलिए प्राचीन भारत का इतिहास राजनीतिक कम, सांस्कृतिक अधिक है। भिन्न दृष्टिकोण से रचित होने के कारण अधिकांश भारतीय ग्रंथ आधुनिक परिभाषा के अंतर्गत इतिहास ग्रंथ नहीं हैं, तथापि उनमें बहुमूल्य ऐतिहासिक सामग्री अंर्तनिहित है।

प्राचीन इतिहास के प्रमुख स्रोत्र

भारत के इतिहास निर्माण के लिए उपलब्ध स्रोतों के आधार पर अधोलिखित तीन शीर्षकों में रख सकते हैं-
(1) पुरातात्विक स्त्रोत (2) साहित्यिक स्रोत (3) विदेशी यात्रियों के वृत्तांत

पुरातात्विक स्रोत

प्राचीन भारत के अध्ययन में पुरातात्विक सामग्री का विशिष्ट महत्त्व है। इससे भारतवर्ष के अनेक तथाकथित अन्ध युगों (Dark Ages) पर प्रकाश पड़ा है तथा अनेकानेक संदिग्ध ऐतिहासिक मतों का खण्डन हुआ है। भारतीय इतिहास में लिखित अभिलेखों की प्रध ानता है। हालांकि मंदिर के अवशेष, सिक्के, घर के अवशेष, खंभों के गड्डे (*Post Holes*), मिट्टी के बर्तन, कोष्ठागार आदि के रूप में पुरावशेष भी साक्ष्य की एक महत्वपूर्ण श्रेणी का गठन करते हैं।

पुरातत्व का महत्व इसी बात से समझा जा सकता है कि यह आज एकमात्र इतिहास ही नहीं, वरन एक स्वतंत्र 'पुरातत्त्व विज्ञान' के रूप में विकसित हो गया है। पुरातात्विक सामग्री में किसी भी प्रकार की हेर-फेर करने की संभावना बहुत कम रहती है, इसलिए यह इतिहास की वास्तविक रूप-रेखा निर्माण में बहुत सहायक होती है। साहित्यिक साक्ष्य जहां मौन हैं, वहां पुरातात्विक स्रोत पर्याप्त मात्रा में साक्ष्य प्रस्तुत करते हैं।

पुरातात्विक स्त्रोतों को तीन भागों में विभक्त कर सकते हैं-
1. अभिलेख, 2. स्मारक और भवन 3. मुद्राएं।

1. अभिलेख

पुरातात्विक स्रोतों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण अभिलेख हैं। ये अभिलेख पाषाण शिलाओं, स्तंभों, ताम्रपत्रों, दीवारों, मुद्राओं, एवं प्रतिमाओं आदि पर खुदे हुए मिले हैं। सबसे प्राचीन अभिलेखों में मध्य एशिया के **बोगजकोई** से प्राप्त अभिलेख हैं।

शिलालेख इतिहास लिखने के लिए सबसे महत्वपूर्ण और विश्वसनीय स्त्रोत है। समकालीन दस्तावेज होने के कारण शिलालेख बाद के **प्रक्षेपों** से मुक्त होते हैं। ये उसी रूप में दिखाई देते हैं, जिसमें ये पहली बार उत्कीर्ण किए गए थे।

भारत में प्राप्त सबसे प्राचीन अभिलेख **हड़प्पा संस्कृति** की मुहरों पर अंकित हैं। ये लगभग **2500 ई. पू.** के हैं। परन्तु **इनका पढ़ना अभी तक संभव नहीं हुआ** है। सर्वप्रथम अशोक के शिलालेख पढे गए। ये शिलालेख पूरे उपमहाद्वीप में चट्टानों की सतह और पत्थर के स्तंभों पर पाए गए हैं। ये चार लिपियों में लिखे हुए हैं। अशोक के तत्कालिक साम्राज्य, जो वर्तमान अफगानिस्तान में था, वहां अरामाइक और ग्रीक लिपियों का प्रयोग किया गया था, जबकि गंधार क्षेत्र में खरोष्ठी लिपि प्रयोग में लाई जाती थी।

खरोष्ठी लिपि भारतीय भाषाओं की वर्णमाला प्रणाली पर विकसित हुई और दाएं से बाएं लिखी जाती थी। 'ब्राह्मी लिपि' को सबसे पहले **1837 ई.** में ईस्ट इंडिया कंपनी के लोक सेवा अधिकारी **जेम्स प्रिंसेप ने** पढ़ा था। केवल उत्तर-पश्चिमी भारत में मिले कुछ अभिलेख खरोष्ठी लिपि में हैं। **पाकिस्तान और अफगानिस्तान** के अशोक के शिलालेखों में यूनानी और आरमेइक लिपियों का प्रयोग हुआ है।

सम्राट अशोक का नाम मास्की (निजाम का राज्य) **निट्टूर और गुर्ज्जरा** (मध्य प्रदेश) से प्राप्त अभिलेखों में स्पष्ट रूप से मिलता है। अशोक के अन्य अभिलेखों से उसके धर्म और **राजत्व के आदर्श** पर पर्याप्त प्रकाश पड़ता है। ऐसे लेखों में **खारवेल का हाथीगुम्फा अभिलेख,** शक **क्षत्रप रुद्रदामन का जूनागढ़ अभिलेख,** सातवाहन नरेश पुलुमावी का नासिक गुहालेख, गुप्त सम्राट समुद्रगुप्त का प्रयाग स्तंभ लेख, मालव नरेश यशोबर्मन का मन्दसौर अभिलेख, चालुक्य नरेश पुलकेशिन द्वितीय का ऐहोल का अभिलेख, बंगाल के शासक विजय सेन का देवपाड़ा अभिलेख आदि विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। सरकारी और निजी अभिलेखों से प्राचीन भारत की भूव्यवस्था और प्रशासन की जानकारी प्राप्त होती है।

सरकारी अभिलेख या तो राजकवियों द्वारा रचित प्रशस्तियां हैं या भूमि अनुदान पत्र होते थे। इन अभिलेखों से शासकों की नीतियाँ, विजय तथा उपलब्धियों की सूचना प्राप्त होती है।

अध्याय 2

भारत में प्रागैतिहासिक संस्कृतियां

परिचय

मानव सभ्यता का बीजारोपण सर्वप्रथम पाषाण काल से प्रारंभ होता है। इस काल की उपलब्ध सामग्रियां मुख्यत: पाषाण निर्मित हैं। इस तथ्य को सूचित करने के लिए इस काल को 'पाषाण काल' की संज्ञा दी गई है।

पाषाणकालीन मनुष्य के क्रमिक विकास को परिलक्षित करने के लिए **थॉमसन** ने पाषाण युग को पुरातन पाषाण युग और नवीन पाषाण युग में विभाजित किया, जिसे 1863 ई. में लुब्बॉक (Lubbock) महोदय ने पुरातन-पाषाण युग को **पुरापाषाण युग** (Palaeolithic Age) और **नवीनपाषाण युग** (Neolithic Age) का नाम दिया। **बौद्धिक विकास, सांस्कृतिक प्रगति** एवं जीवनोपयोगी अनुसंधानों के दृष्टिकोण से उत्तर पाषाण, पूर्वपाषाण काल की अपेक्षा कहीं अधिक उन्नत था।

इतिहासकारों ने इन दोनों के बीच के काल को मध्यपाषाणकाल (Mesolithic Age) नाम दिया है। विद्वानों का मत है कि मध्य पाषाण काल पुरापाषाणकाल और उत्तरपाषाण काल के बीच में एक कड़ी है, जो पाषाणकालीन सभ्यता के क्रमिक, सुसम्बद्ध और अविछिन्न विकास की सूचना देता है। अत: तीनों कालों का अलग-अलग अध्ययन अनिवार्य है।

पुरा पाषाण काल (Palaeolithic Age)

पाषाण काल की प्रारंभिक अवस्था को पुरापाषाण काल कहते हैं। मानव जीवन का यह काल पाषाणकाल का सबसे लंबा काल था। भारत के विभिन्न भागों में यह काल लगभग 2.5 लाख वर्ष से कुछ पहले आरम्भ हुई तथा लगभग 10 हजार वर्ष पहले तक बनी रही।



अध्याय 4

सिंधु क्षेत्रों के बाहर की संस्कृतियां

दूसरी सहस्राब्दी ईसा पूर्व तक सिंधु क्षेत्रों के बाहर भारतीय उपमहाद्वीप के विभिन्न भागों में विभिन्न क्षेत्रीय संस्कृतियां उद्भूत हुईं, जो **न तो शहरी थीं** और न ही **हड़प्पा संस्कृति** की तरह थीं, बल्कि **पत्थर एवं तांबे** के **औजारों का इस्तेमाल** इन संस्कृतियों की अपनी विशिष्टता थी। अत: यह संस्कृतियाँ ताम्रपाषाणिक संस्कृतियों के नाम से जानी जाती हैं।

ताम्र पाषाणिक संस्कृति का वर्गीकरण

ताम्र पाषाण संस्कृतियां अपनी भौगोलिक स्थितियों के आधार पर पहचानी जाती हैं। इस प्रकार हम इन्हें निम्नलिखित रूप में वर्गीकृत करते हैं।

1. राजस्थान में **बनास संस्कृति**
2. **कायथा संस्कृति**
3. **मालवा संस्कृति**
4. महाराष्ट्र की **जोर्वे संस्कृति**

इन संस्कृतियों से संबंधित स्थलों की खुदाई से निम्न पक्षों के बारे में विस्तृत अनुमान लगाया जा सकता है:

- बस्तियों का फैलाव
- अर्थव्यवस्था का ढांचा
- शव गृह और शवदाह के तरीके
- धार्मिक विश्वास

ताम्रपाषाणिक खुदाई स्थलों में इस संस्कृति से संबंधित वस्तुओं के साथ-साथ उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, बिहार, पश्चिमी बंगाल, उडीसा एवं कर्नाटक के विभिन्न भागों में ताम्र/कांस्य की वस्तुओं के भंडार प्राप्त हुए हैं। साईपाई (इटावा जिला) उत्तर प्रदेश में ताम्र मत्स्यभाला तथा उसके साथ गेरुए चित्रित बर्तन प्राप्त हुए है। यहां पर गेरूए चित्रित बर्तन, काले एवं **लाल मृद्भांड**, चित्रित **धूसर मृदभांड** आदि संस्कृतियों का **वर्णन आवश्यक** है। यह संस्कृतियां बर्तनों की विशिष्ट किस्मों के आधार पर निर्धारित की जाती हैं।

गंगा-यमुना दोआब में सौ से अधिक स्थानों पर विशिष्ट प्रकार के बर्तन प्राप्त हुए हैं, जिन्हें **गेरूए चित्रित बर्तनों** (OCP) की **संस्कृति से संबद्ध** माना जाता है। गौरिक भांड एक लाल **अनुलेपित मृद्भांड** है, जिसमें बहुत से मूठदार कलश दिखाई देते हैं।

गेरूए चित्रित बर्तनों की संस्कृति के बाद काले एवं लाल मृद्भांडों की संस्कृतियां तथा चित्रित धूसर मृद्भाडों की संस्कृतियां क्रमश: आती हैं। उत्तर भारत में हरियाणा तथा ऊपरी गंगा घाटी में चित्रित धूसर मृद्भांड के स्थलों की बड़ी संख्या मिलती है। लोहे का प्रार्दुभाव सर्वप्रथम चित्रित धूसर मृद्भांड संस्कृति मे होता है, जो कि उत्तरी काले पॉलिश किए मृद्भाडों की संस्कृति के नाम से जानी जाती है।

1. गेरुए चित्रित बर्तनों की संस्कृति

यह संस्कृति मुख्यत: **पश्चिमी उत्तर प्रदेश** के नदियों के तटों पर विस्तृत थी। **मायापुर (सहारनपुर)** से लेकर साई **पई (इटावा)** तक लगभग 110 स्थल इस विशिष्ट संस्कृति के प्राप्त हुए हैं। इसके क्षेत्र आकार में छोटे हैं तथा कई क्षेत्रों (बिसौली, साईपई) में टीलों की ऊंचाई काफी कम है।

इन बस्तियों के बीच की दूरी 5 से 8 कि.मी. के बीच पायी गयी है। **अतरंजीखेड़ा** से प्राप्त पुरातात्विक वानस्पतिक अवशेषों से पता चलता है कि इन क्षेत्रों में धान, जौ, दालें आदि की फसल उगाई जाती थीं। यह संस्कृति 2000 ई. पूर्व से 1500 ईसा पूर्व के बीच की मानी गयी है।

दोआब के ऊपरी भाग में भी गेरुए चित्रित बर्तनों की संस्कृति के साक्ष्य मिले हैं। इस क्षेत्र में गेरूए चित्रित बर्तनों वाले लोगों के उदय के साथ ही बस्ती प्रारंभ होती है। **जोधपुर एवं नोह** (राजस्थान) में गेरुए चित्रित बर्तनों के सबसे अधिक साक्ष्य प्राप्त हुए हैं।

2. काले एवं लाल मृद्भांड संस्कृति

काले एवं लाल मृद्भांड पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार तथा पश्चिमी बंगाल में खुदाई से प्राप्त हुए हैं। 1960 के दशक में अतरंजीखेड़ा में खुदाई के दौरान एक विशिष्ट प्रकार के मृद्भांड प्रकाश में आए, जो गेरुए चित्रित बर्तनों एवं **चित्रित धूसर मृद्भांडों** के स्तरों के बीच के थे। इस स्तर के बर्तनों को काले एवं लाल मृद्भांड कहा गया। हालांकि **जोधपुर एवं नोह** से इसी प्रकार स्तरीय क्रम प्रकाश में आये हैं किंतु अहिच्छत्र, हस्तिनापुर एवं आलमगीरपुर में काले एवं लाल मृद्भांड चित्रित धूसर मृद्भांड़ों के साथ ही प्राप्त हुए हैं।

अतरंजीखेड़ा तथा **दक्षिणी राजस्थान में गिलुंद** तथा **आहर** में मिले काले एवं लाल मृद्भांडो के स्वरूप, बनावट एवं चमक के आधार पर समानता है। इस संस्कृति का समय 2900 ईसा पूर्व के लेकर ई. युग की आरंभिक शताब्दियों तक फैला हुआ था।

3. चित्रित धूसर मृद्भांड संस्कृति

वर्ष 1946 ई. में अहिच्छत्र में चित्रित धूसर मृद्भाडो की खोज के बाद से उत्तरी भारत के विभिन्न क्षेत्रों में ये बड़ी संख्या में प्रकाश में आये हैं। इनमें से 30 स्थानों की खुदाई हुई हैं, जिसमें मुख्य रोपड़ (पंजाब), **भगवानपुरा,** (हरियाणा), नोह (राजस्थान), **आलमगीरपुर, अहिच्छत्र, हस्तिनापुर, अतरंजीखेड़ा, जखेड़ा तथा मथुरा** (उत्तर प्रदेश) हैं।

अध्याय 6

महाजनपदों से नंद तक राज्य निर्माण

छठीं शताब्दी ई.पू. से लेकर चौथी शताब्दी ई.पू. के मध्य तक भारतीय इतिहास में अनेक महत्वपूर्ण घटनाऐं घटीं। इस युग में जहां एक ओर **महाजनपदों** का उदय हुआ तथा **सामाजिक-आर्थिक** और **राजनीतिक जीवन** में बदलाव आया, तो दूसरी तरफ **धार्मिक क्षेत्र** में उल्लेखनीय **क्रान्ति** हुई। इस आन्दोलन के परिणामस्वरूप पुरानी धार्मिक मान्यताऐं बदल गईं और नये धर्मों का उदय हुआ। इसी अवधि में मगध में **साम्राज्यवाद** का विकास हुआ, जिसने अन्ततः मौर्य साम्राज्य की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया।

उत्तर वैदिक काल में कबीलाई राज्यों की जगह क्षेत्रीय राज्य स्थापित करने की प्रवृत्ति दिखाई पड़ती है। उतर वैदिक काल में हमें विभिन्न जनपदों का अस्तित्व दिखाई देता है। इस काल तक वर्तमान पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा पश्चिमी बिहार (झारखंड) में लोहे का व्यापक रूप से प्रयोग किया जाने लगा था। लौह तकनीक ने लोगों के भौतिक जीवन में बड़ा परिवर्तन उत्पन्न कर दिया तथा इससे स्थायी जीवन-यापन की प्रवृत्ति सुदृढ़ हो गयी। **कृषि, व्यापार, उद्योग, वाणिज्य** आदि के विकास के चलते छोटे-छोटे जनों का स्थान जनपदों ने ग्रहण कर लिया जो ई. पू. छठीं शताब्दी तक आते-आते जनपद, महाजनपदों के रूप मे विकसित हो गये।

महाजनपदों का उदय

महाजनपदों के उदय के विषय में जानकारी वैदिक तथा बौद्ध साहित्य से प्राप्त होती है।

वैदिक साहित्यः वैदिक साहित्य ऋग्वेद में अनुष्ठान के तरीकों का उल्लेख है। ऋग्वेद में जनों का उल्लेख आता है, परन्तु जनपदों का नहीं है। जनपद शब्द वैदिक संहिताओं में भी 'जनपद' शब्द का प्रयोग नहीं मिलता है। सर्वप्रथम इसका प्रयोग ब्राह्मण ग्रंथों में हुआ है। अतः यह निष्कर्ष निकलता है कि जनपदों का उदय ब्राह्मणकाल में हुआ। महात्मा बुद्ध के समय तक आते-आते इन जनपदों का पूर्ण विकास हो गया। **डॉ. वासुदेव शरण** अग्रवाल के अनुसार **"लगभग एक सहस्त्र ईस्वी पूर्व से पांच सौ ईस्वी पूर्व तक के युग को भारतीय इतिहास में जनपद या महाजनपद युग कहा** जा सकता है।" जिस प्रदेश में एक जन स्थायी रूप से बस गया, वही उसका जनपद (राज्य) हो गया।

प्रारम्भ में जनपद में किसी एक वर्ग विशेष के मनुष्य ही रहते थे। अतः उनका जीवन एक ही जातीय, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक परम्परा के ऊपर संगठित था, परन्तु कालान्तर में अन्य वर्ग एवं जातियों के लोग भी आकर उनके जनपदों में बसने लगे। इससे सांस्कृतिक आदान-प्रदान तो हुआ, परन्तु बहुत समय तक राजसत्ता एकमात्र आदि जन के प्रतिनिधियों के हाथ में रही। प्रत्येक जनपद में बहुसंख्यक गाँव और नगर होते थे।

काशिकाकार इतिहासकार ने लिखा है कि ग्रामों का समुदाय ही जनपद है। धीरे-धीरे जनपदों की संख्या कम होने लगी। छोटे जनपद बड़े जनपदों में परिवर्तित होने लगे। इस भांति देश में महाजनपद काल का उदय हुआ।

बौद्ध साहित्यः संघ के नियमों को बताने वाली विनय पिटक, बुद्ध के उपदेशों का संग्रह सुत्त पिटक तथा अलौकिक समस्याओं का उल्लेख करने वाली अभिधम्म पिटक से महाजनपद के विषय में जानकारी मिलती है। बुद्ध के पूर्व जन्मों के विषय को बताने वाली जातक कथाएं सुत्त पिटक का अंग है, जो उस समय के समाज की स्पष्ट जानकारी प्रदान करती है।

महाजनपद

महाजनपद नई राजनैतिक-भौगोलिक इकाइयां, जिनमें गहपति, व्यापारी तथा शासक एवं शासित के बीच संबंध के नए प्रतिमान दिखाई पडे, महाजनपद कहलाए। महाजनपद का तात्पर्य मगध, कौशल आदि ऐसे विशाल जनपदों से था, जिनपर शक्तिशाली राजा अथवा अभिजात वर्ग राज करते थे।

बौद्ध ग्रंथों में सोलह महाजनपदों के विषय में उल्लेख मिलता है। बौद्ध ग्रथों में जहां भी बुद्ध का उल्लेख मिलता है वहां बार-बार इन महाजनपदों की मुख्य बस्तियों का भी उल्लेख प्राप्त होता है।

महात्मा बुद्ध के आविर्भाव के पूर्व भारतवर्ष **16 महाजनपदों** में विभक्त था। बौद्ध ग्रंथ **अंगुत्तरनिकाय, जो कि सुत्त पिटक का अंग है,** में इनके नाम निम्न प्रकार मिलते हैं-1. अंग, 2. मगध, 3. काशी, 4. कोशल, 5. वज्जि, 6. मल्ल, 7. चेदि, 8. वत्स, 9. कुरु, 10. पांचाल, 11. मत्स्य, 12. शूरसेन, 13. अस्सक, 14. अवन्ति, 15. गांधार, 16. कम्बोज।

महावस्तु में इसी प्रकार की सूची मिलती है, लेकिन इसमें गांधार और कम्बोज के स्थान पर शिवि (पंजाब या राजपूताना) तथा दर्शाण (मध्य भारत) का उल्लेख किया गया है। भगवती सूत्र (जैन ग्रंथ) में भी 16 राज्यों का जिक्र किया गया है- 1.अंग, 2. बंग, 3. मगध 4. मलय, 5. मालव, 6. अच्छ, 7. वच्छ, 8. कच्छ, 9. पाघ, 10. लाघ, 11. वज्जि, 12.मोलि, 13. काशी, 15. कोशल, 15. अवा तथा 16. सम्मुतर।

दोनों सूचियों में 1. अंग, 2. मगध, 3. वत्स, 4. वज्जि, 5.काशी, 6. कोशल समान हैं। जैन सूची में मालवा और बौद्ध सूची के क्रमशः अवन्ति और मल्ल का उल्लेख है। परन्तु शेष जनपदों में अन्तर है। जैन सूची बाद की प्रतीत होती है। बौद्ध ग्रंथ में उल्लिखित सभी राज्य सर्वसत्ता सम्पन्न गण अथवा संघ राज्य थे। इनमें वज्जि, मल्ल तथा शूरसेन आदि प्रमुख गणराज्य थे और मगध, वत्स, अवन्ति तथा कौशल आदि प्रमुख राजतंत्र थे। राजतंत्रों में कुलीन तन्त्रात्मक व्यवस्था थी।

अध्याय 7

मौर्य साम्राज्य

मौर्यकालीन इतिहास के स्रोत

भारत पर अलेक्जेंडर के आक्रमण के समय, नंद वंश के शासन काल में मगध साम्राज्य दुर्जेय शक्ति के रूप में उभरा, जिसे मौर्य शासकों ने अपने शासनकाल के दौरान चरम पर पहुंचाया था।

मौर्यकालीन इतिहास, सभ्यता और संस्कृति की जानकारी विविध स्रोतों से प्राप्त होती है। इन स्रोतों में साहित्यिक साक्ष्य, विदेशी वृतांत तथा पुरातात्त्विक प्रमाण महत्त्वपूर्ण हैं। इन स्रोतों का विवरण इस प्रकार है:

1. साहित्यिक स्रोत

मौर्यकालीन इतिहास के संबंध में विविध प्रकार के साहित्यिक ग्रंथों से जानकारी मिलती है। ब्राह्मण, बौद्ध तथा जैन साहित्य इस वंश के इतिहास पर प्रचुर प्रकाश डालते हैं। ब्राह्मण साहित्य में पुराण,बौद्ध ग्रथों में दीपवंश, महावंश, महावंशटीका, महाबोधिवंश और जैन सहित्यों में भद्रबाहु का कल्पसूत्र तथा हेमचन्द्र का परिशिष्टपर्वन प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त कौटिल्य का अर्थशास्त्र एक महत्वपूर्ण ग्रंथ है। इन साहित्यिक स्रोतों का अलग-अलग विवरण प्रस्तुत करना समीचीन प्रतीत होता है।

पुराण: पुराणों से मौर्यों के विषय में अनेक महत्वपूर्ण जानकारी हासिल होती है। विष्णु पुराण से विदित होता है कि मौर्य वंश का संस्थापक चन्द्रगुप्त का जन्म नंद राजा की **मुरा** नामक पत्नी से हुआ था।

ब्राह्मण ग्रंथ चन्द्रगुप्त मौर्य को **शूद्र या नीच कुल** में उत्पन्न बताते हैं। पुराणों में ऐतिहासिक घटनाओं के साथ-साथ काल्पनिक प्रसंगों का भी वर्णन किया गया है।

मौर्य साम्राज्य के प्रांत

क्र.	प्रांत	राजधानी	क्र.	प्रांत	राजधानी
1.	उत्तरापथ	तक्षशिला	2.	अवन्ति	उज्जयिनी
3.	कलिंग	तोसली	4.	दक्षिणापथ	सुवर्णगिरि
5.	प्राशी	पाटलिपुत्र			

अर्थशास्त्र: मौर्यवंश के प्रशासन संबंधी जानकारी का साक्ष्य हमें कौटिल्य के अर्थशास्त्र से प्राप्त होता है। इसका ज्ञान **सर्वप्रथम विद्वानों को 1909 ई.** में हुआ। सम्पूर्ण अर्थशास्त्र को **15 अधिकरण एवं 180 प्रकरणों** में विभक्त किया गया है। इस ग्रंथ से न केवल राजनैतिक

मौर्यकालीन इतिहास के स्रोत



अध्याय 8

मौर्योत्तर भारत

मौर्य राजाओं के काल में ही भारत का राजनीतिक परिदृश्य **विकेन्द्रीकरण का शिकार** हो गया। ऐसी स्थिति में दो तरह की प्रवृत्तियां सामने आईं। (1) प्रवृत्ति के तहत आंतरिक शक्तियां पारस्परिक संघर्षों में उलझी रहीं और **शुंग, कण्व** एवं सातवाहन जैसे राजवंशों ने उपमहाद्वीप के अधिकांश भू-भाग पर शासन किया। (2) **प्रवृत्ति** को प्रथम प्रवृत्ति का ही **तार्किक परिणाम** माना जा सकता है, जिसके तहत पश्चिमोत्तर क्षेत्र में बाह्य शक्तियों की गतिविधियां सक्रिय रूप से दिखाई दीं। सर्वप्रथम बैक्ट्रिया के यवन, उसके बाद पार्थियन, फिर शक और अंततः कुषाणों ने भारत पर सफल आक्रमण किए। इस प्रकार मध्य एशिया के साथ संपर्क के कारण आर्थिक क्रिया-कलापों एवं सांस्कृतिक साहचर्य का नवीन रूप उपस्थित हुआ।

मौर्योत्तर काल के स्त्रोत

मौर्योत्तर काल के इतिहास के विषय में जानने के लिए साहित्यिक और अभिलेखिय स्त्रोत महत्वपूर्ण है।

साहित्यिक स्त्रोतः इस अवधि के अध्ययन के लिए पतंजलि के **महाभाष्य, दिव्यावदान, पुराण, कालिदास** के **मालविकाग्निमित्र** तथा बाणभट्ट के हर्षचरित प्रमुख है। इसके अलावा **ग्रीक** और **लैटिन** स्त्रोत से इस अवधि के शासकों के विषय में जानकारी प्राप्त होती है। इसके साथ ही पाली ग्रंथ मिलिंद-पन्हा से इस अवधि के यवन राजा मिनंडर और बौद्ध धर्म के बारे में जानकारी मिली है।

अभिलेखिय स्त्रोतः अयोध्या, विदिशा और भरहुत से प्राप्त शिलालेखों से इस अवधि के शासकों के विषय में जानकारी प्राप्त होती है। इसके साथ ही उत्तर भारत से प्राप्त सिक्कों से उस समय के शासको के विषय में जानकारी प्राप्त होती है। इन सिक्कों पर उस समय के शासकों के नाम अंकित हैं। इस अवधि के राजनीतिक इतिहास के विषय में जानकारी मध्य एशिया के स्त्रोतों से होती है। खरोष्ठी लिपि में लिखे शिलालेख गंधार में संख्या में पाए गए हैं और इसके साथ ही मध्य एशिया से कई खरोष्ठी दस्तावेज प्राप्त किए गए हैं।

शुंग राजवंश (185 ई.पू.-75 ई.पू.)

पुष्यमित्र शुंग इस राजवंश का **संस्थापक** था, जिसने अंतिम **मौर्य** राजा की हत्या कर मगध के सिंहासन पर अधिकार किया। इसकी पुष्टि कन्नौज के हर्षवर्धन के दरबारी **कवि बाण** (बाणभट्ट) द्वारा की गई है। शुंग ब्राह्मण थे और कभी-कभी यह आरोप लगाया जाता है कि पुष्यमित्र ने ब्राह्मण विद्रोह के रूप में मौर्य राजा की हत्या की। किंतु यह आरोप अब निराधार साबित हो चुका है कि मौर्य शासक असहिष्णु थे क्योंकि पुष्यमित्र स्वयं ब्राह्मण था और मौर्यकाल में सेनापति जैसे उच्च पद पर नियुक्त था।

शुंग इतिहास के स्रोत

1. **साहित्यः** गार्गी संहिता, महाभाष्य, दिव्यावदान, मालविकाग्निमित्र, हर्षचरित, लामा तारानाथ का विवरण
2. **अभिलेखः अयोध्या, विदिशा** (भिलसा)
3. **सिक्केः** कौशाम्बी, अयोध्या, अहिच्छत्र तथा मथुरा से प्राप्त

पाणिनि के अनुसार शुंग भारद्वाज गोत्र के थे। **कालिदास के मालविकाग्निमित्र** में पुष्यमित्र के पुत्र **अग्निमित्र** का वर्णन है, जिसे बिम्बिका कुल से संबंधित माना गया है।

पुष्यमित्र द्वारा मौर्य सिंहासन पर अधिकार का उल्लेख पुराणों और बाणभट्ट की हर्षचरित में है। **राजनैतिक महत्वाकांक्षा** और आंतरिक दुर्बलता को ही **मौर्य-साम्राज्य** के पतन का कारण माना जाता है। डा. हरप्रसाद शास्त्री ने शुंगों को **पारसी** तथा दिव्यावदान नामक पुस्तक ने मौर्य माना है। **परंतु वास्तविकता** यह है कि **शुंग ब्राह्मण** थे। क्योंकि कालिदास ने उन्हें बैम्बिक वंशीय, बौधायन सूत्र ने बैम्बिक कश्यप गोत्रिक तथा तारानाथ ने ब्राह्मण राजा कहा है।

गार्गी संहिता और युग पुराण से यह पता चलता है कि भारत पर हुए **यवन आक्रमण** के प्रतिरोध की शक्ति मौर्य राजाओं में नहीं थी। आक्रमणकारी पश्चिमोत्तर क्षेत्र के अधिकांश भाग पर अपना अधिकार स्थापित कर चुके थे, यहां तक कि उनकी प्रतिध्वनि अयोध्या, काशी एवं पाटलिपुत्र में भी सुनाई पड़ रही थी। परंतु पुष्यमित्र ने उनका सामना किया और एक मजबूत साम्राज्य की स्थापना की।

उत्तर भारत के एक बड़े हिस्से में उसका साम्राज्य विस्तृत था। उनका साम्राज्य सम्पूर्ण गंगा घाटी, नर्मदा नदी क्षेत्र एवं उत्तरी दक्कन में विदर्भ और बरार तक विस्तृत था। कुछ समय के लिये सिन्धु तट क्षेत्र भी उसके साम्राज्य के अन्तर्गत आते थे।

पाटलिपुत्र उसके शासन का मुख्य क्षेत्र था, जबकि दूसरा प्रमुख प्रशासनिक केन्द्र **विदिशा** में था। **अयोध्या अभिलेख** से पता चलता है कि पुष्यमित्र ने **दो बार अश्वमेध** यज्ञ किये एवं ब्राह्मण धर्म को बढ़ावा दिया। उसके एक अश्वमेघ यज्ञ के प्रधान पुरोहित पतंजलि थे।

पतंजलि के महाभाष्य, 'गार्गी संहिता' तथा **'मालविकाग्निमित्र'** से पता चलता है कि पुष्यमित्र ने यवनों को परास्त किया, जो उसकी महान उपलब्धि थी। उसने विदर्भ राज्य के शासक यज्ञसेन से कुपित होकर विदर्भ को दो भागों में बांट दिया और एक भाग माधवसेन तथा दूसरा भाग यज्ञसेन को देकर उनसे अपनी अधीनता स्वीकार करवा ली। कलिंग राज्य से भी पुष्यमित्र का संघर्ष हुआ था। पुष्यमित्र **ब्राह्मणवादी** था, इसलिये कहा जाता है कि उसने **बौद्धों पर काफी** अत्याचार किये। परंतु यह भ्रामक मालूम पड़ता है। क्योंकि उसी के काल में **भरहुत** एवं

अध्याय 9

संगम काल

संगमयुगीन संस्कृति

पाषाण युगीन संस्कृति के पश्चात् **सुदूर दक्षिण में महापाषाण संस्कृति** का उद्‌भव हुआ। इस संस्कृति के अनेक पुरातात्विक साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। खारवेल के एक पुराने शिलालेख में तमिल देश के राज्यों का उल्लेख मिलता है। खारवेल ईस्वी पूर्व दूसरी सदी के पूर्वार्द्ध में कलिंग का शासक था। ऐसा कहा जाता है कि अपने शासन के ग्यारहवें वर्ष (ईस्वी पूर्व 165) में उसने तमिल राज्य के **113 वर्ष पुराने** तमिल देश **'संघात्मक'** को नष्ट कर दिया। इसके अतिरिक्त मेगास्थनीज के विवरण तथा अशोक के अभिलेख में भी इसका उल्लेख मिलता है।

इस संस्कृति के लोग **लोहे के** प्रयोग से **परिचित थे** और **काले तथा लाल मृदभाण्ड** का प्रयोग करते थे। इस संस्कृति के लोग अपनी विशिष्ट प्रकार की कब्रगाह के लिए प्रसिद्ध थे, जिनको **'महापाषाण'** कहते हैं। ये कब्रगाह बड़े-बड़े पत्थर के टुकड़ों से घिरे होते थे। इन कब्रों में न केवल दफनाए गये लोगों के **अस्थि पंजर**, बल्कि मिट्‌टी के बर्तन और **लोहे की वस्तुएं** भी मिली हैं।

इस संस्कृति में शवों के साथ वस्तुओं को कब्रों में दफनाने की प्रथा थी जिससे ज्ञात होता है कि मृत व्यक्तियों को उनकी आवश्यकता परलोक में पड़ती होगी। ये वस्तुयें उनके **जीविकोपार्जन के स्त्रोतों** के बारे में संकेत देती हैं। हम उनमें बाणाग्र, बरछे की नोक, फावड़े तथा हंसिया पाते हैं। ये सब चीजें लोहे की बनी होती थीं। लोहे के त्रिशूल भी महापाषाण कब्रों में पाये गये हैं।

संगम साहित्य से भी सुदूर दक्षिण के तीन शक्तिशाली **राज्यों चेर, पाण्ड्य तथा चोल शासकों** के आरंभिक इतिहास एवं उस समय की संस्कृति का उल्लेख मिलता है।

संगमकालीन राजकीय चिन्ह

चेर : धनुष
चोल : बाघ या चीता
पांड्य : मछली

दक्षिण भारत का **क्रमबद्ध इतिहास संगम साहित्य** (तीसरी या चौथी सदी के साहित्य) से प्राप्त होता है। 'संगम' एक संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ **'सभा'** होता है। इस सभा में तमिल कवि या विद्वान एकत्र होते थे। प्रत्येक कवि अथवा लेखक अपनी रचनाओं को संगम के समक्ष प्रस्तुत करता था तथा इसकी स्वीकृति प्राप्त हो जाने के बाद किसी भी रचना का प्रकाशन सम्भव था।

दक्षिण भारत में पाण्ड्य राजाओं के संरक्षण में कुल **तीन संगम आयोजित** किये गये। इन संगमों में संकलित साहित्य को ही **'संगम साहित्य'** के नाम से जाना जाता है। संगम साहित्य विभिन्न आठ संग्रह ग्रंथों में समाहित मिलता है। इन संगमों का विवरण इस प्रकार है-

प्रथम संगमः प्रथम संगम का आयोजन पाण्ड्यों की प्राचीन राजधानी **मदुरा** में हुआ था। इसकी अध्यक्षता **अगस्त्य ऋषि** ने की। अगस्त्य ऋषि को ही दक्षिण में आर्य सभ्यता के प्रचार का श्रेय प्रदान किया जाता है। इस संगम में 549 विद्वानों ने भाग लिया। इस प्रथम संगम को 89 पाण्ड्य शासकों का संरक्षण प्राप्त था। इस संगम के कार्यकाल में 4499 विद्वानों को अपनी रचनाएं प्रकाशित करने की अनुमति दी गयी थी।

यह संगम 4,400 वर्षों तक चला। इसमें अक्कतिमय परिपादल, मदुनरै इत्यादि ग्रंथों का संकलन किया गया। इनमें कोई भी ग्रंथ आज उपलब्ध नहीं है। मदुरा नगर के समुद्र में विलीन हो जाने के कारण प्रथम संगम भी समाप्त हो गया। इस संगम के सदस्यों में प्रमुख थे-तिरिपुरमेरिध, मुरुगवल तथा मुदिनागरायर।

द्वितीय संगमः मदुरा के पतन के पश्चात् **पाण्ड्य राजाओं के संरक्षण** में दूसरा संगम नये **नगर कपाटपुरम्** अथवा **अलैवे** में आयोजित किया गया। इस संगम की अध्यक्षता भी **ऋषि अगस्त्य** ने की। बाद में उनका स्थान उनके शिष्य तोलकाप्पियर ने लिया। इस संगम में तमिल भाषा के 49 विद्वानों ने भाग लिया। इस द्वितीय संगम को 59 पाण्ड्य शासकों ने संरक्षण प्रदान किया। परम्परानुसार इस संगम में 3700 कवियों को अपनी रचना प्रकाशित करने की अनुमति प्रदान की गयी। यह संगम 3700 वर्षों तक चला।

संगमकालीन प्रमुख स्थल

1.	वंजी या करूर	:	चेर राज्य की प्रशासनिक राजधानी
2.	मुसिरी	:	चेर राज्य की तटीय (बंदरगाह) राजधानी
3.	उरैयुर	:	चोल राज्य की प्रशासनिक राजधानी
4.	कावेरी पट्टनम	:	चोल राज्य की तटीय राजधानी
5.	मदुरई	:	पाण्ड्य राज्य की प्रशासनिक राजधानी
6.	कोरकई	:	पाण्ड्य राज्य की तटीय राजधानी
7.	कांची	:	पल्लवों की राजधानी
8.	पट्टिनम	:	समुद्र किनारे का नगर
9.	सलाई	:	मगर की मुख्य सड़क
10.	टेरु	:	नगर की मुख्य गली
11.	चेरी	:	उपनगर

इस संगम के दौरान जिन ग्रंथों की रचना हुई, उनमें अकतियम, मापुरानम, भूतपुरानम, व्यालमलय, तोलकाप्पियम इत्यादि उल्लेखनीय हैं। इस संगम द्वारा संकलित ग्रंथों में एकमात्र **'तोलकाप्पियम'** ही अवशिष्ट है। यह पुस्तक तमिल व्याकरण की विख्यात पुस्तक है। इस ग्रंथ की रचना **ऋषि अगस्त्य** के एक शिष्य **तोलकाप्पियर** ने की थी। द्वितीय

मध्यकालीन भारत

अध्याय 1

प्रारंभिक मध्यकालीन भारत के प्रमुख राजवंश

हर्षवर्धन की मृत्यु के पश्चात् से लेकर बारहवीं शताब्दी ईस्वी तक का काल उत्तर भारत के इतिहास में **'राजपूत काल'** के नाम से जाना जाता है। सातवीं-आठवीं शदी से हमें राजपूतों के उत्पति के ऐतिहासिक प्रमाण प्राप्त होने लगते हैं तथा बारहवीं शदी तक आते-आते उत्तर भारत में उनके **कुल 36 वंश** अत्यन्त प्रसिद्ध हो जाते हैं। **गुर्जर-प्रतिहार, राष्ट्रकूट, चालुक्य, चौहान, चंदेल, परमार, गहड़वाल** आदि सभी राजपूत वंश थे। राजपूत बड़े वीर तथा स्वाभिमानी होते थे, और साहस, त्याग, देशभक्ति आदि के गुण उनमें कूट-कूट कर भरे हुए थे।

परन्तु पारस्परिक संघर्ष तथा द्वेष-भाव के कारण वे देश की रक्षा नहीं कर सके, और देश की स्वाधीनता को उन्होंने विदेशियों के हाथों सौंप दिया।

ऐतिहासिक स्रोत

राजपूतों के इतिहास को जानने के लिए सबसे महत्वपूर्ण स्रोत हैं

अभिलेख: निस्संदेह अभिलेख साहित्यिक रचनाओं से अधिक विश्वसनीय स्रोत प्रमाणित होते हैं। फिर भी प्रशस्ति रूप (ग्वालियर प्रशस्ति, ऐहोल अभिलेख आदि) में होने के कारण इनमें उल्लिखित सभी बातों को अक्षरश: स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसी परिस्थितियों में दूसरे राजवंशों के, विशेषकर उनके प्रतिद्वंद्वियों के अभिलेखों में पाये गये वर्णनों को भी जांचना आवश्यक है।

साहित्यिक रचनाएं: साहित्यिक ग्रन्थों में **नयचंद्रसूरि** का **हम्मीर महाकाव्य, पद्मगुप्त** द्वारा लिखित **'नवसहसांकचरित' हलायुध** का 'पिंगलसूत्रवृत्ति' मुख्य हैं। इनके अतिरिक्त, 'कुमारपाल चरित', 'वर्णरत्नाकर', **'पृथ्वीराजरासो'** आदि कृतियां राजपूतों का इतिहास जानने में सहायक हैं।

राजपूतों की उत्पत्ति

ऐसा माना जाता है कि राजपूत शब्द एक जाति या वर्ण विशेष के लिए देश में मुसलमानों के आने के बाद प्रचलित हुआ। ऐतिहासिक साक्ष्य- 'राजपूत' या 'रजपूत' शब्द संस्कृत के 'राजपुत्र' का अपभ्रंश है। प्राचीन काल में 'राजपुत्र' शब्द किसी जाति के लिए नहीं बल्कि क्षत्रिय राजकुमारों या राजवंश से सम्बन्धित व्यक्तियों के लिए ही प्रयुक्त होता था।

कौटिल्य के अर्थशास्त्र, अश्वघोष के ग्रन्थों, वाणभट्ट के हर्षचरित और कादम्बरी आदि में भी राजपुत्र शब्द का उल्लेख किया गया है, परन्तु ह्वेनसांग ने राजाओं का वर्णन करते हुए उनको क्षत्रिय लिखा है, राजपूत नहीं। 'राजपुत्र' शब्द का प्रयोग जो पहले राजकुमार के अर्थ में किया जाता था, पूर्व-मध्य काल में सैनिक वर्गों तथा छोटे-छोटे जमींदारों के लिए किया जाने लगा।

वस्तुत: आठवीं शती के उपरान्त 'राजपूत' शब्द शासक वर्ग का पर्याय बन जाता है।

राजपूतों की उत्पत्ति के सम्बन्ध में दो मत प्रचलित हैं-

1. विदेशी इतिहासकारों का मत और
2. भारतीय इतिहासकारों का मत

1 विदेशी इतिहासकारों का मत

कर्नल जेम्स टाड.: राजपूतों की विदेशी उत्पत्ति के मत का प्रतिपादन सर्वप्रथम कर्नल जेम्स टाड ने किया। उनके अनुसार राजपूत विदेशी सीथियन जाति की संतान थे। इस मत का आधार सीथियन एवं राजपूत जातियों की कुछ सामाजिक तथा धार्मिक प्रथाओं में समानताएं हैं, जो टॉड के अनुसार इस प्रकार हैं-

1. रहन-सहन तथा वेष-भूषा में समानता
2. मांसाहार का प्रचलन
3. रथों पर सवार होकर युद्ध करना
4. यज्ञों का प्रचलन

प्रमुख राजवंश एवं उनकी राजधानी

राजवंश	संस्थापक	राजधानी
पालवंश	गोपाल	मुदगिरि (मुंगेर) - 750 ई०
प्रतिहार वंश	हरिश्चन्द्र (वास्तविक संस्थापक नागभट्ट I)	कन्नौज
राष्ट्रकूट वंश	दंतिदुर्ग	एलिचपुर (बरार) 752 ई०, बाद में मान्य खेत
सेन वंश	सामंत सेन (वास्तविक संस्थापक विजय सेन)	राढ़ (बंगाल)
कलचुरी वंश	कोकल्ल प्रथम	जबलपुर, त्रिपुरी (854 ई०)
चंदेल वंश	नन्नुक	जेजाक भुक्ति, बुंदेलखंड (9वीं सदी)
चौहान वंश	वासुदेव	शाकम्भरी (अजमेर) (आधुनिक सांभर)
गहड़वाल वंश	चंद्रदेव	कन्नौज (1080-85 ई.)
परमार वंश	सीयक हर्ष	प्रारंभ में उज्जैन, बाद में धारा
हिन्दुशाही वंश	कल्लर	उदभाण्डपुर

चूंकि उपर्युक्त प्रथाओं का प्रचलन सीथियन तथा राजपूत दोनों ही समाजों में था, अत: इस आधार पर कर्नल टॉड राजपूतों को सीथियन जाति का वंशज मानते हैं।

विलियम क्रुक-कर्नल जेम्स टाड के मत का समर्थन करते हुए विलियम क्रुक ने प्रतिपादित किया है कि तत्कालीन समाज में कई विदेशी जातियां निवास करती थीं। ब्राह्मणों का बौद्ध आदि नास्तिक सम्प्रदायों से द्वेष था। अत: उन्होंने कुछ विदेशी जातियों को शुद्धि-संस्कार द्वारा पवित्र करके भारतीय वर्णव्यवस्था में स्थान प्रदान कर दिया। इन्हीं को राजपूत कहा जाने लगा।

स्मिथ: स्मिथ के अनुसार उत्तर-पश्चिम की राजपूत जातियों-प्रतिहार, चौहान, परमार, चालुक्य आदि की उत्पत्ति शकों तथा हूणों से हुई थी। इसी प्रकार गहड़वाल, चन्देल, राष्ट्रकूट आदि मध्य तथा दक्षिणी क्षेत्र की जातियां गोंड, भील जैसी आदिम जातियों की सन्तानें थीं।

स्मिथ की धारणा है कि शक, कुषाण आदि विदेशी जातियों ने हिन्दू धर्म ग्रहण कर लिया। वे कालान्तर में भारतीय समाज में पूर्णतया घुल-मिल गयीं। उन्होंने यहां की संस्कृति को अपना लिया। इन विदेशी शासकों को भारतीय समाज में क्षत्रियत्व का पद प्रदान कर दिया गया।

ऐसा प्रतीत होता है कि इन विदेशी जातियों को शुद्धि द्वारा भारतीय समाज में सम्मिलित करने के उद्देश्य से ही **'पृथ्वीराज रासो'** में अग्निकुण्ड द्वारा राजपूतों की उत्पत्ति बतायी गयी है।

2 भारतीय इतिहासकारों का मत

गौरी शंकर, हीराचन्द्र ओझा तथा सी.वी. वैद्य: राजपूतों की उत्पत्ति के उपर्युक्त विदेशी सिद्धान्त का विरोध गौरी शंकर, हीराचन्द्र ओझा तथा सी.वी. वैद्य जैसे कुछ भारतीय विद्वानों ने किया है। इनकी सम्मति में राजपूत विशुद्ध भारतीय क्षत्रियों की ही सन्तान थे जिनमें विदेशी रक्त का मिश्रण बिल्कुल भी नहीं था। इन विद्वानों के प्रमुख तर्क इस प्रकार हैं-

1. टॉड ने राजपूत तथा सीथियन जातियों में जिन समान प्रथाओं का संकेत किया है, वे कल्पना पर आधारित हैं। ये सभी प्रथाएं भारत की प्राचीन क्षत्रिय जातियों में देखी जा सकती हैं।
2. क्रुक के निष्कर्ष की पुष्टि किसी भी ऐतिहासिक साक्ष्यों से नहीं होती है। यह विचार कोरी कल्पना की उपज है।
3. इस बात का कोई प्रमाण नहीं कि **'खजर'** नामक किसी जाति ने कभी भी भारत के ऊपर आक्रमण किया हो। भारतीय तथा विदेशी किसी भी साक्ष्य में इस जाति का उल्लेख नहीं मिलता है।
4. **'पृथ्वीराज रासो'** में वर्णित अग्निकुल की कथा ऐतिहासिक नहीं लगती। इस कथा का उल्लेख रासो की प्राचीन पाण्डुलिपियों में नहीं मिलता है। परन्तु ये दोनों ही मत अतिवादी हैं। वस्तुस्थिति यह है कि राजपूत वंश की उत्पत्ति भारतीय समाज की विविध जातियों तथा जनजातियों के साथ-साथ उन विदेशी आक्रामक जातियों से भी हुई जो भारत में बस गयी थीं और हिन्दू समाज ने जिन्हें आत्मसात कर लिया था। यही कारण है कि पूर्व मध्य काल के कई ग्रन्थों में राजपूतों को मिश्रित वर्ण का बताया गया है। इसमें सन्देह नहीं कि इस वंश में उच्च वर्ण के साथ-साथ निम्न वर्ण के रक्त का भी मिश्रण था।

मनुस्मृति: 'मनुस्मृति' में शकों को **'व्रात्य क्षत्रिय'** कहा गया है। इन जातियों के वीरतापूर्वक कृत्यों को उनके दरबारी चारणों ने बहुत बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किया तथा उनकी तुलना रामायण और महाभारत के वीरों से की।

भण्डारकर: भण्डारकर ने भी विदेशी उत्पत्ति के मत का समर्थन किया है। उनके अनुसार अग्निकुल के चार राजपूत वंश प्रतिहार, परमार, चौहान तथा सोलंकी-गुर्जर नामक विदेशी जाति से उत्पन्न हुए थे। चौहान तथा गुहिलोत जैसे कुछ वंश विदेशी जातियों के पुरोहित थे। उन्होंने आगे बताया है कि गुर्जर- प्रतिहार वंश के लोग निश्चयत: **'खजर'** नामक जाति की सन्तान थे जो हूणों के साथ भारत में आयी थी। पुराणों में हैहय नामक राजपूत जाति का उल्लेख शक, यवन आदि विदेशी जातियों के साथ किया गया है। इससे भी राजपूतों का विदेशी होना सिद्ध होता है।

प्रमुख विद्वान

राजा	दरबारी विद्वान
धर्मपाल (पालवंश)	हरिभद्र (बौद्ध विद्वान)
रामपाल (पालवंश)	संध्याकर नन्दी
नयपाल (पालवंश)	विक्रमशिला महाविहार के प्रधान 'आचार्य दीपंकर श्री ज्ञान अतिश'
महेन्द्रपाल-I (प्रतिहार वंश)	राजशेखर
अमोघवर्ष	जिनसेन, महावीराचार्य (राष्ट्रकूट वंश) शाक्टायन
गोविन्दचन्द्र (गहड़वाल वंश)	लक्ष्मीधर
जयचन्द (गहड़वाल वंश)	श्री हर्ष
यशोवर्मन	वाकपतिराज
लक्ष्मण सेन (सेन वंश)	जयदेव, हलायुध, धोयी
वाक्पति मुंज (परमार वंश)	पदमगुप्त, धनंजय

गुर्जर-प्रतिहार वंश

अग्निकुल के राजपूतों में सर्वाधिक प्रसिद्ध प्रतिहार वंश था जो गुर्जरों की शाखा से सम्बन्धित होने के कारण इतिहास में गुर्जर-प्रतिहार कहा जाता है। इस वंश की प्राचीनता पांचवीं शती तक जाती है। पुलकेशिन द्वितीय के ऐहोल अभिलेख में गुर्जर जाति का उल्लेख सर्वप्रथम हुआ है।

ऐतिहासिक स्रोत

अभिलेख: गुर्जर-प्रतिहार वंश के इतिहास के प्रामाणिक साधन उसके बहुसंख्यक अभिलेख हैं। इनमें सर्वाधिक उल्लेखनीय मिहिरभोज का ग्वालियर अभिलेख है जो एक प्रशस्ति के रूप में है। यह प्रतिहार वंश के शासकों की राजनैतिक उपलब्धियों तथा उनकी वंशावली को ज्ञात करने का मुख्य साधन है।

साहित्यिक रचनाएं: प्रतिहार युग में अनेक साहित्यिक कृतियों की रचना हुई। संस्कृत का प्रसिद्ध विद्वान 'राजशेखर' प्रतिहार राजाओं महेन्द्रपाल प्रथम तथा उसके पुत्र महीपाल प्रथम के दरबार में रहा था।

आधुनिक भारत

अध्याय 1

यूरोपवासियों का प्रवेश

भारत तथा यूरोप के व्यापारिक सम्बन्ध प्राचीनकाल से ही प्रगाढ़ रहे हैं। विशेषकर रोमन लोगों के साथ दक्षिण तथा पश्चिमी भारत का काफी घनिष्ठ व्यापारिक सम्बन्ध रहा है, जिसके पुरातात्त्विक प्रमाण भी हमें प्राप्त होते हैं। सातवाहनों तथा चोलों के शासनकाल में भारत का समुद्री व्यापार काफी उन्नत रहा था। पश्चिमी तट पर भड़ौच (बेरीगाजा), सूरत, चौल आदि बन्दरगाह थे। इनमें आधुनिक **भड़ौच** को, जिसे भारतीय स्रोतों में **'भरुकच्छ'** कहा गया है, पश्चिमी तट पर सबसे प्राचीन एवं सबसे बड़ा प्रवेश द्वार था और पश्चिमी एशिया के साथ अधिकांश व्यापार इसी के माध्यम से होता था।

यहाँ से निर्यात होनेवाली वस्तुओं में मसाले, हीरे, नीलम, रत्न, कछुए की पीठ की हड्डियाँ आदि प्रमुख थीं। **ईसा पूर्व पहली सदी** में लिखित **'पेरिप्लस ऑफ दी एरीथ्रियन सी'** में पूर्वी तट पर स्थित अरिकमेडु को **पेडोका** कहा गया है। **अरिकामेडु में 1945** ई. में एक विस्तृत खुदाई में एक विशाल **रोमन बस्ती मिली**, जो एक व्यापारिक केन्द्र था, यहाँ रोम निवासियों की रुचि तथा उनके द्वारा दिए गये नमूनों के आधार पर निर्माण कार्य भी होता था। यहाँ **रोमन सम्राट अगस्ट टाइबेरियस** तथा **नीरो के सोने के सिक्के** भी मिले हैं।

अगले चरण में यूरोप में पूर्वी देशों के माल की माँग में वृद्धि बारहवीं शदी में धर्मयुद्धों (The Crusades) के काल में हुई। यूरोप में पूर्वी देशों के मसालों की माँग निरन्तर रहती थी, क्योंकि जाड़े में चारे के अभाव के कारण जानवरों को मारकर उनके माँस को नमक लगाकर सुरक्षित कर लिया जाता था, जिसे स्वादिष्ट बनाने के लिए मसालों की जरूरत पड़ती थी। पन्द्रहवीं शताब्दी से सत्रहवीं शती के बीच में यूरोपवासियों की साहसिक समुद्री यात्राओं के फलस्वरूप भौगोलिक अनुसंधानों के अन्तर्गत भारत के लिए नए समुद्री मार्ग की खोज हुई।

पुर्तगालियों का आगमन

1488 ई. में अफ्रीकी महाद्वीप के दक्षिणी किनारे **केप ऑफ गुड होप** तक पहुँच गया। वहां से वास्कोडिगामा 1497 ई. में मालीन्दी तक तथा **1498 ई.** में एक अरब व्यपारी की सहायता से कालीकट तक पहुँचाया। जब उससे, उसके आने अक उद्देश्य पूछा गया तो उसने उत्तर दिया कि वह भारत में इसाई धर्म के प्रचार तथा गर्म मसाले के व्यापार के लिए आया है। इस प्रकार **1498** में, इस नए समुद्री मार्ग की खोज का श्रेय वास्कोडिगामा को जाता है।

पन्द्रहवीं शती के आरम्भ में पुर्तगाल के शासक **डॉन हेनरीक** जिसे **'हेनरी द नेवीगेटर'** (Henry the Navigator) कहा जाता था, ने सीधे भारत के लिए समुद्री मार्ग की खोज प्रारम्भ की थी।

इसके पीछे दो उद्देश्य थे, **प्रथम** अरबों एवं अपने यूरोपीय प्रतिस्पर्द्धियों यानि वेनिस तथा जेनेवा के व्यापारियों को समृद्ध पूर्वी व्यापार से बाहर करना तथा **दूसरा,** अफ्रीका एवं एशिया के काफिरों (गैर ईसाइयों) को ईसाई बनाकर तुर्की एवं अरबों की बढ़ती हुई शक्ति को संतुलित करना। वास्तव में ये दोनों लक्ष्य एक दूसरे के पूरक और समर्थक थे।

1453 ई. में तुर्कों द्वारा एशिया माइनर के जरिए यूरोप के पूर्वी देशों के साथ व्यापार (खासकर मसालों के) पर रोक लगा दी थी। इस रोक के कारण भी नए समुद्री मार्ग की खोज अनिवार्य हो गयी थी। **यूरोप में पुनर्जागरण** की वजह से भी समुद्री यात्राएँ प्रेरित हुई। इसके साथ ही **कुतुबनुमा** (Mariner's Compass) के आविष्कार तथा यह धारणा की पृथ्वी गोल है एवं पश्चिम की ओर चलकर पूर्व की ओर पहुँचा जा सकता है, इन सभी बातों ने मिलकर साहसिक समुद्री यात्राओं तथा उसके फलस्वरूप विभिन्न समुद्री भागों तथा भौगोलिक खोजों का मार्ग प्रशस्त किया।

1487 ई. में बार्थोलोम्यू डीयाज (Bartholomew Diaz) आशा अंतरीप (Cape of Good hope) पहुँचा तथा उसे तूफानी अंतरीप कहा।

पुर्तगाल की तरह ही प्रारम्भिक दौर में स्पेन की सरकार ने भी साहसिक समुद्री यात्राओं को सहायता दी। **1494 ई. में स्पेन के कोलबंस** ने उत्तरी अमेरिका की खोज की, लेकिन वास्तव में वह भारत की खोज के लिए निकला था।

1498 ई. को वास्को-डी-गामा ने यूरोप से भारत तक का पूरी तरह से समुद्री तथा एक नये मार्ग से यात्रा करते हुए भारत के पश्चिमी तट के कालीकट बन्दरगाह पर पहुँचा। उसने **'केप आफ गुड होप'** होते हुए अफ्रीका का पूरा चक्कर लगाते हुए यह यात्रा पूरी की थी। इस व्यापारिक यात्रा का तात्कालिक महत्त्व भले ही इतना दिखा हो कि वास्को-डी-गामा ने इस यात्रा से लौटते वक्त जो वस्तुएं यूरोप ले जाकर बेचीं, उनका मूल्य उसकी यात्रा खर्च से **60 गुना अधिक** था। लेकिन बाद में इस यात्रा के ऐतिहासिक परिणाम यूरोपवासियों के एशिया पर प्रभुत्व के रूप में सामने आये।

व्यापार की प्रकृति एवं स्वरूप: 15वीं सदी के मध्य में अफ्रीका में यूरोपीय देशों ने प्रवेश किया तो उन्हें प्रारंभिक पूँजी निर्माण का एक प्रमुख स्रोत प्राप्त हुआ। प्रारम्भ में वहाँ हाथी दाँत तथा सोना व बाद में गुलामों का व्यापार प्रमुख तत्व बन गया। विशेषकर 1650 ई. के बाद काफी वर्षों तक अफ्रीकियों को गुलाम बनाकर उत्तरी तथा दक्षिणी अमेरिका में बेचा जाता रहा।

अफ्रीका के तटों पर नीग्रो लोगों से यूरोपीय (पुर्तगीज, डच, फ्रेंच तथा अंग्रेज) माल की अदला-बदली करते, वहां से गुलामों को लेकर अंटलांटिक पार कर इन्हें वहाँ बागानों तथा खादानों की औपनिवेशिक पैदावार से उनकी अदला-बदली करते, फिर इस माल को यूरोप में बेच देते। इस **'तिकोने व्यापार'** से होने वाले बेपनाह मुनाफे के ऊपर ही ब्रिटेन तथा फ्रांस की व्यापारिक श्रेष्ठता स्थापित हुई।

प्रारम्भिक यूरोपीय गवर्नर/प्रमुख व्यक्ति

पुर्तगाली

1.	वास्को डि गामा	: 17 मई 1498 ई. को कालीकट तट पर
2.	पेड्रो अल्बरेज केब्राल	: 9 मार्च 1500 को लिस्बन से भारत रवाना
3.	फ्रांसीसको-डी अल्मेडा	: 1505 ई. भारत में साम्राज्य स्थापना के निमित्त भेजा (प्रथम पुर्तगाली वायसराय)
4.	अल्फांसों-डी- अलबुकर्क	: 1509 ई. भारत में पुर्तगीज गवर्नर

नियंत्रण विधि तथा प्रक्रिया: उत्तमाशा अंतरीप के चक्कर काटते हुए **अब्दुल मनीद** नामक गुजराती पथ-प्रर्दशक की सहायता से **1498 ई. में वास्को-डि-गामा कालीकट (कप्पकडाबू)** में उतरा तो वहाँ बसे अरबी व्यापारियों की बस्ती ने उसके प्रति वैमनस्य का रवैया अपनाया क्योंकि इससे उनके व्यापारिक हितों पर बुरा असर पड़नेवाला था। किन्तु कालीकट के हिन्दू राजा, जिसकी पैतृक उपाधि **'जमोरिन'** थी, ने पुर्तगालियों का स्वागत किया। इन्हें काली मिर्च, जड़ी बूटियां तथा मसाले आदि ले जाने की स्वीकृति दी गई।

सोलहवीं शताब्दी में पुर्तगालियों का मूल उद्देश्य **सैन्य बल के प्रयोग** द्वारा अपने देश तथा स्वयं को समृद्ध बनाना था। उनका एक दोहरा आम लक्ष्य था यूरोप को भेजे जाने वाले **'मसालों पर एकाधिकार'** करना तथा अन्य **एशियाई व्यापार पर नियंत्रण** करना एवं उससे कर वसूलना। हिन्द महासागर में नियंत्रण स्थापित करने में पुर्तगालियों ने प्रारंभ से ही बल प्रयोग किया। जमीन पर भारतीय शासकों, खासकर मुगलों की सैनिक शक्ति बहुत अधिक थी। मगर उनके मुकाबले मुट्ठी भर पुर्तगाली सैनिक और जहाजी समुद्र में अपनी स्थिति बनाये रखने में सफल रहे।

द्वितीय पुर्तगाली अभियान **9 मार्च 1500 ई.** में **'पेड्रो अल्बरेज केब्राल'** तेरह जहाजों के एक बेड़े का नायक बनकर लिस्बन से समुद्री मार्ग से भारत के लिए रवाना हुआ। पुर्तगालियों की पूर्वी समुद्र पर आधिपत्य की अनुचित महत्त्वाकांक्षा ने भारतीय शासकों के साथ, उनके सौहार्द्रपूर्ण सम्बन्धों को समाप्त कर दिया। पुर्तगाली कारखानों ने शीघ्र ही दुर्गों का रूप धारण कर लिया। 1503 ई. में 'कोचिन' में बनाया गया छोटा सा दुर्ग भारत में उनका 'पहला दुर्ग' था। 1505 ई. में 'कन्नूर' (Connore) में दूसरा किला बनाया गया।

फ्रांसिस्को-डी-अल्मेडा (1505-09 ई.)

1505 ई. में ही **'फ्रांसिस्को-डी-अल्मेडा'** को **'प्रथम पुर्तगाली वायसराय'** बनाकर भारत में बाकायदा पुर्तगाली राज्य की स्थापना के निमित्त भेजा गया।

उसे निर्देश दिया गया कि वो ऐसे दुर्गो का निर्माण करे जिनका लक्ष्य सुरक्षा (आत्म रक्षा) न होकर, हिन्द महासागर के व्यापार पर पुर्तगालियों का नियंत्रण स्थापित करना हो। 1509 ई. में अल्मेडा ने गुजरात तथा मिस्र के संयुक्त समुद्री बेड़े को पराजित किया, जिसके परिणामस्वरूप पुर्तगाली नौ-सेना हिन्द महासागर में सर्वाधिक शक्तिशाली हो गयी। उसने शांतिपूर्वक व्यापार के लिए **'ब्लू वाटर पालिसी'** अथवा **'शांत जल नीति'** चलाई।

भारत में पुर्तगाली साम्राज्य की वास्तविक नींव रखने वाला **'अलफांसों -डी-अलबुकर्क'** प्रथम बार एक छोटे जहाजी बेड़े का नायक बनकर 1503 ई. में भारत आया था। 1509 ई. में उसे भारत में पुर्तगाली गवर्नर नियुक्त किया गया। **नवम्बर 1510 ई. में अलबुकर्क ने 'गोवा' के समृद्ध बन्दरगाह पर अधिकार कर लिया**, जो उस समय बीजापुर के सुल्तान के अधीन था। बीजापुर के शासक यूसुफ आदिल शाह ने गोवा पर आक्रमण कर पुर्तगालियों को वहाँ से भगाया। किन्तु उसकी मृत्यु के पश्चात अलबुकर्क में पुन: गोवा पर अधिकार कर लिया।

पुर्तगाली गोवा के समीप ही उसने मुख्य भूमि तक अपना आधिपत्य स्थापित किया और 'राजौरी' एवं 'दाभोल' के बीजापुरी बन्दरगाहों पर अधिकार कर बीजापुर के समुद्री व्यापार को बिल्कुल ठप्प कर दिया। अलबुकर्क ने अपने कार्यकाल में नगर के दुर्गों को मजबूत करने और उनके व्यापारिक महत्त्व को बढ़ाने की भरसक कोशिश की। एक स्थायी पुर्तगीज आबादी बसाने के लिए उसने पुर्तगालियों को भारतीय स्त्रियों से विवाह करने के लिए प्रोत्साहित किया लेकिन वह मुसलमानों के साथ शत्रुतापूर्ण बर्ताव करता था।

नवंम्बर **1510 ई. में गोवा पर अधिकार** के बाद **1511 में पुर्तगालियों** ने दक्षिण पूर्व एशिया की महत्त्वपूर्ण मंडी **'मलक्का'** पर नियंत्रण कर लिया। **1515 ई.** में फारस की खाड़ी के मुहाने पर स्थित **'हरमुज'** पर इन्होंने अधिकार कर लिया। ये तीनों नगर सामरिक तथा व्यापारिक दृष्टि से काफी महत्त्वपूर्ण थे।

इस तरह से 1515 ई. में अलबुकर्क की मृत्यु के समय तक पुर्तगीज, भारत की सबसे महत्त्वपूर्ण जल-शक्ति बन चुके थे तथा पश्चिमी समुद्र तट पर उनकी तूती बोलने लगी थी।

किन्तु कई प्रयासों के बावजूद भी पुर्तगाली **'अदन'** पर कब्जा नहीं कर सके, जो लाल सागर के व्यापार पर नियंत्रण की कुँजी था। सोलहवीं शताब्दी भर पुर्तगाली छिटपुट विजय प्राप्त करते रहे। धीरे-धीरे श्रीलंका के अधिकांश तटीय क्षेत्र पर इनका कब्जा हो गया।

नीनो डी. कुन्हा (1529-38 ई.)

इसने 1530 ई. में गोवा, को राजधानी बनाई। भारत में पुर्तगाली राज्य की औपचारिक राजधानी हो गया। इन्होंने **1534 ई. में 'बेसिन' या बसी** (Bassein) पर अधिकार कर लिया। अगले वर्ष **1535 ई.** में पुर्तगालियों ने **'दीव'** (Diu) ले लिया। **1559 ई.** में 'दमन' पर भी अधिकार कर लिया।

इन विजयों से गुजरात के विशाल समुद्री व्यापार पर नियंत्रण का लक्ष्य पूरा हुआ, साथ ही खम्भात की खाड़ी पर गश्त को भी अधिक प्रभावशाली बनाया जा सका।

ऐतिहासिक मानचित्रावली

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा मुख्य परीक्षा के वैकल्पिक विषय इतिहास के प्रथम प्रश्न पत्र के प्रथम खंड में मानचित्र आधारित प्रश्नों का वर्ष 2021 से 1995 तक के सिर्फ पूछे गये प्रश्नों का खंडवार संकलन

मानचित्र


नवपाषाण काल के
महत्वपूर्ण स्थल
घलीगाय
बुजहोम
श्रीनगर
सरायखोला
गुफकराल
इसलामाबाद
किले गुल मोहम्मद
क्लेटा
सिंधु
दिल्ली
गंगा
यमुना
गुवाहाटी (गोहाटी)
सारूतारू
मारकडोला
सेल्बलगिरी
दोओजली-हेंडिंग
चिरांद
बिहार
कोल्डीहावा
महगड़ा
पटना
नर्मदा
ताप्ती
कोलकाता
(कलकत्ता)
बारूडीह
नागपुर
कुचाई
मुंबई (बम्बई)
भुवनेश्वर
कोडेकस
तेक्कलकोटा
बंगाल की खाड़ी
टरडाल
मास्की
कूपगाल
पलबॉय
अरब सागर
हल्लूर
ब्रह्मगिरि
चेन्नई (मद्रास)
टी. नरसीपुर
हैमिज